

# मानगढ़ रेत खदान का सीमांकन तीन घंटे में पूरा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** राज्य शासन के खनिज विभाग द्वारा नीलामी प्रक्रिया के तहत आरएसआई नर्मदा माइन्स प्राइवेट लिमिटेड को लहार अनुविभाग के रौन क्षेत्र में रेत खदानें आवंटित की गई हैं। कंपनी द्वारा निर्धारित क्षेत्र में रेत उत्खनन कार्य प्रारंभ किए जाने को लेकर प्रशासन से सीमांकन कराने का अनुरोध किया गया था। इसी क्रम में एसडीएम लहार विजय सिंह यादव के निर्देश पर सीमांकन कार्य एक बार फिर शुरू कराया गया। ज्ञात रहे कि इससे पहले तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा के निर्देशन में राजस्व अमले ने रोवर मशीन की सहायता से सीमांकन कार्य शुरू कराया था, लेकिन कुछ ग्रामीणों द्वारा विवाद खड़ा कर दिए जाने से तब यह कार्य अधूरा रह गया था। ग्रामीणों की आपत्तियों के बाद सीमांकन रोकना पड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम लहार विजय सिंह यादव ने संयुक्त टीम बनाकर सीमांकन कराने के आदेश जारी किए। एसडीएम के निर्देशन में तहसीलदार मिहोना अमित दुबे और तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा के साथ-साथ जिले से सीमांकन टीम को बुलवाया गया। थाना प्रभारी रौन राजवीर सिंह गुर्जर पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ताकि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न ना हो। कंपनी को लीज पर आवंटित शासकीय सर्वे नंबर 1143 और 1103 का सीमांकन तीन घंटे की प्रक्रिया में निष्पादित किया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति के बावजूद पुलिस व प्रशासनिक टीम ने शांतिपूर्वक कार्य कराया। रोवर मशीन के माध्यम से कुल 10 हेक्टेयर से अधिक (लगभग 50 बीघा) क्षेत्र का सटीक सीमांकन किया गया। सीमांकन चिन्ह मौके पर स्थापित किए गए और कंपनी प्रतिनिधियों को स्पष्ट जानकारी देते हुए कब्जा सौंपा गया। पूरी कार्यवाही प्रशासन की निगरानी में पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई। इस दौरान निम्न अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन एवं पुलिस से तहसीलदार मिहोना अमित दुबे, तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा, थाना प्रभारी रौन राजवीर सिंह गुर्जर, राजस्व निरीक्षक विनोद दोहरे, राजस्व निरीक्षक लहार बलवीर सिंह भदौरिया, पटवारी रामसिंह चौहान, खनिज व कंपनी से माइनिंग इंस्पेक्टर लहार गणेश विश्वकर्मा,नर्मदा माइन्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पंकज शर्मा एवं अतुल भदौरिया के अलावा अन्य अमला मौजूद रहे। सीमांकन के बाद कंपनी को अनुमति अनुसार निर्धारित क्षेत्र में उत्खनन कार्य प्रारंभ कराने में कोई बाधा नहीं रहेगी। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी उत्खनन कार्य निर्धारित मानकों, पर्यावरणीय नियमों एवं राजस्व हितों को ध्यान में रखकर कराया जाएगा। इस प्रकार लंबे समय से अटके सीमांकन को पूर्ण कर प्रशासन ने विवाद समाप्त कराया और लीज क्षेत्र का कब्जा कंपनी को सौंप दिया।

# एटीएम में तोड़फोड़, दो युवकों ने स्क्रीन पर मारा मुक्का

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पुलिस फुटेज के आधार पर खोज रही आरोपी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** शहर के बायपास स्थित एसबीआई के एटीएम में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात दो युवकों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पैसा निकालने आए युवकों ने मशीन से कैश न मिलने पर गुस्से में एटीएम की स्क्रीन तोड़ दी। घटना रात करीब 12 बजे की है और पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार, बायपास पर निरंजना गार्डन के पास मौजूद एसबीआई एटीएम में दो युवक पहुंचे थे। उन्होंने मशीन से रुपए निकालने का प्रयास किया, लेकिन लेनदेन पूरा नहीं होने पर एक युवक ने गुस्से में मशीन की स्क्रीन पर जोरदार मुक्का मार दिया। मुक्का लगते ही स्क्रीन टूट गई और मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना की सूचना एटीएम के केयर टेकर ने तुरंत देहात थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रात करीब 12:30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवक फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और एटीएम के अंदर लगे कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

गुरुवार सुबह पुलिस को सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हो गए हैं, जिनमें दोनों युवकों का चेहरा और तोड़फोड़ की वारदात साफ दिखाई दे रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस के पास इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची थी। देहात थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की जाएगी। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी ,युवक पर केस दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।**जिले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला गरमा गया है। ग्राम लखनपुरा निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर ऐसा वीडियो वायरल किया, जिसमें ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसका विरोध तेजी से बढ़ा और परशुराम सेना के हस्तक्षेप पर देहात थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

देहात थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, परशुराम सेना भिंड के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा उर्फ सोनू ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर तेजी से एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में लखनपुरा निवासी मनोज खन्ना (जाटव) समाज विशेष को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करते हुए विवादित टिप्पणी करता हुआ दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा कि यह वीडियो समाज के विरुद्ध उकसाने वाला है और जिले में साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का खतरा पैदा कर सकता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने वायरल वीडियो का परीक्षण करवाया। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 196 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने वीडियो और आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित कर जांच में शामिल किया है। देहात थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद से वह घर से गायब बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को जल्द हिरासत में लिया जाएगा। उधर, मामले को लेकर समाज में रोष है। परशुराम सेना और अन्य संगठनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही जिले में ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण रखने और सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने की अपील भी की है।

# परीक्षा में फिर नकल कांड, उड़नदस्ते की छापेमारी में 29 छात्र पकड़े

## प्राचार्य के अचानक पहुंचने से परीक्षा केंद्र में मची अफरा-तफरी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में एक बार फिर नकल का बड़ा मामला सामने आया है। बीएससी एवं बीएड पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान मेहगांव के शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर खुलेआम नकल चलते हुए पकड़ी गई। सूचना के बाद लीड कॉलेज के प्राचार्य एवं उड़नदस्ता प्रभारी प्रो. रामअवधेश शर्मा अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे तो परीक्षा केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। टीम जब परीक्षा कक्षों में पहुंची तो कई छात्र गाइड बुक खोलकर सीधे उत्तर लिखते मिले। कई परीक्षार्थियों के हाथ में मोबाइल फोन थे, जिनसे प्रश्न हल किए जा रहे थे। कुछ छात्रों की सीटों के नीचे नोट्स छुपाए मिले। टीम के अनुसार परीक्षा केंद्र पर गेट चेकिंग नदारद थी और बाहर के लोग भी कक्षों में घूमते दिखे। निरीक्षण के दौरान नकल पकड़े जाने के डर से कई छात्र अपनी सीटें छोड़ भागने लगे। कुछ छात्रों ने मोबाइल फोन जेब में डालकर बचने की कोशिश की। वहीं कई छात्रों ने नकल सामग्री फेंक दी। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में पर्चियां, गाइड और मोबाइल फोन जब्त किए। जांच के दौरान कुछ छात्रों ने टीम से अभद्र व्यवहार किया और रोका भी, लेकिन स्टाफ ने स्थिति संभाल ली।

उड़नदस्ते की प्रारंभिक रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि केंद्र का पूरा स्टाफ किसी न किसी रूप में नकल में शामिल मिला। रिपोर्ट में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, स्थायी निरीक्षक, कक्ष निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों के संलिप्त होने का उल्लेख किया गया है। परीक्षा केंद्र पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद मिले, न प्रवेश द्वार पर चेकिंग हुई और न ही निगरानी की कोई व्यवस्था दिखी। टीम ने मौके पर कुल 44 छात्रों से पूछताछ की, जिसमें से 29 के खिलाफ नकल प्रकरण दर्ज किए गए।ज्यादातर छात्रों के पास पर्चियां, मोबाइल और गाइड मिले। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि नकल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक रूप से कराई जा रही थी। उड़नदस्ते ने पूरी घटना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट जीवाजी विश्व विद्यालय के कुलपति को भेज दी है. साथ ही अनुशंसा की गई है कि इस परीक्षा केंद्र को तत्काल निरस्त किया जाए, भविष्य में परीक्षाएं शहर के शासकीय कॉलेज में कराई जाएं. रिपोर्ट की प्रतियां उच्च शिक्षा विभाग, आयुक्त, भिंड कलेक्टर, अतिरिक्त संचालक, परीक्षा नियंत्रक और विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजी गई हैं.भिंड जिला पिछले कुछ समय से लगातार नकल प्रकरणों को लेकर सुर्खियों में है. लगातार हो रही घटनाओं ने न केवल स्थानीय कॉलेजों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली पर भी गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं. विशेषज्ञों और अभिभावकों का कहना है कि यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो जिले में शिक्षा का स्तर और गिर सकता है.

# बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यशाला आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में मिशन शक्ति अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भिंड में विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों से जुड़े सदस्य एवं कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे भारत सरकार द्वारा प्रसारित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लाइव प्रसारण के माध्यम से किया गया। प्रसारण में बाल विवाह संबंधी दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान, दंडात्मक व्यवस्थाएं एवं शिकायत प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रसारण उपरांत अधिकारियों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी दी। पुलिस विभाग की ओर से सब-इंस्पेक्टर शिवहरे ने कहा कि बच्चों की कम आयु में विवाह कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि यदि समाज में कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो तत्काल इसकी शिकायत दर्ज कराई जाए, जिसके बाद पुलिस विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर त्वरित कार्रवाई करता है। बाल विवाह करवाना, कराना, करवाने का प्रयास करना या प्रक्रिया में शामिल होना दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि इस अपराध में माता-पिता के साथ विवाह कराने वाले पुजारी, बैंड वालें, गार्डन संचालक, टेंट सेवा प्रदाता, कैटरर, नाई तथा धोबी तक दोषी माने जाते हैं, यदि वे आयु सत्यापन के बिना विवाह में सहयोग करते हैं।

अजय सक्सेना ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 और क्श्ष्टस्ह शिकायत प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को विवाह हेतु मजबूर किया जा रहा हो, उन्हें इन सेवाओं द्वारा तत्काल संरक्षण प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य बी.आर. पुरोहित ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल अपराध है, बल्कि बालिका की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गहरा प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाने एवं बाल विवाह रोकने में भागीदार बनें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अधिकारियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह न करेंगे, न होने देंगे तथा किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर प्रशासन को अवगत कराएंगे। इस अवसर पर धरती संस्था से जिला समन्वयक रामवीर सिंह तोमर, खंड समन्वयक, बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना, आंकड़ा विश्लेषक जितेंद्र शर्मा सहित विभाग एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने, युवाओं को कानूनी रूप से जागरूक एवं सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का रहा। कार्यक्रम से छात्रों में कानून, अधिकारों और जिम्मेदारी की स्पष्ट समझ विकसित हुई, जिससे भविष्य में सामाजिक सुधार के प्रयासों को गति मिलेगी।

# वृंदावन धाम में 28 नवम्बर से आरंभ हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सह परिवार आचार्य और परीक्षित का शॉल एवं श्रीफल देकर किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 04 दिसम्बर।** मेहगांव नगर के समाज सेवी लालाराम राठौर द्वारा कराई जा रही वृंदावन धाम में 28 नवम्बर 2025 से आरंभ हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद और ज्ञान का स्रोत बन गया है इस पावन आयोजन में कथा वाचक आचार्य पं आनंद जी महाराज ने अपने मधुर शैली और गहराई से कथा का प्रसंग सुनाया, जिससे सभी श्रद्धालु मन भाव से जुड़ गए। कथा के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष भिंड, सुधा राजकुमार राठौर ने सह परिवार आचार्य पं आनंद महाराज और परीक्षित, श्रीमती सोमता लालाराम राठौर का शॉल एवं श्रीफल देकर आदरपूर्वक सम्मान किया। यह सम्मान उनके समर्पण, ज्ञान और सेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक था इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल भक्तों ने इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की सराहना की, जिसका उद्देश्य न केवल धार्मिक अनुष्ठान करना है, बल्कि जीवन के मूल्यों और अध्यात्म की गहराई से परिचित कराना भी है। वृंदावन के पावन वातावरण में यह कथा यज्ञ सभी के लिए एक आत्मिक अनुभव बन गया, जहां भक्तों ने मिल-जुलकर भक्ति रस में डूबकर आध्यात्मिक शांति पाई।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे भिंड



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने एक दिवसीय प्रवास पर 5 दिसंबर को भिंड आएंगे। यह दौरा पूरी तरह निजी एवं शोक संवेदना प्रकट करने के उद्देश्य से तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री चौहान शाम 5:15 बजे स्वर्गीय जयद्रथ सिंह कुशवाह के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। यहां वे शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देंगे। कुशवाह जिले के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे थे, जिसके चलते कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

# भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 03 दिसम्बर.** भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने आज हताहत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि वर्ष 1984 की मध्यरात्रि को यूनियन कार्बाइड संयंत्र से रिसी जहरीली गैस ने हजारों निर्दोषों की जान ले ली और लाखों लोग इसके दुष्प्रभावों से आज भी जूझ रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह मानव इतिहास की सबसे भीषण औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक है, जिसने 15 हजार से अधिक लोगों को असमय मौत के मुंह में धकेल दिया.उन्होंने कहा कि यह त्रासदी सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन, सतर्कता और मानवीय दृष्टिकोण को सर्वोपरि रखने की सीख देती है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो. खण्डेलवाल ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है.

## ड्यूटी के दौरान नशे में पाए जाने पर आरक्षक निलंबित

मध्यप्रदेश में शिवपुरी कोतवाली में पदस्थ एक आरक्षक को पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया है.

# कल जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन

## हो रहे भृष्टाचार के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर ।** जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 06 दिसम्बर 2025,दिन शनिवार को सुबह 11 बजे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी,एवं रामलीला मैदान नई दिल्ली में 14 दिसम्बर 25 को 'वोट चोर-गद्दी छोड़' महारैली अभियान की तैयारी के सम्बंध में ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय संस्कृति गार्डन इटावा बायपास रोड़ पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिले की नगर पालिका व नगर परिषदों में हो रहे भृष्टाचार के विरोध में दोपहर 02:30 मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को कलेक्ट्रेट परिसर पहुचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिले के समस्त विधायकगण, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गण, जिला पंचायत, नगर पालिका,नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष गण,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गण,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष गण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पूर्व सरपंच एवं पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी गण, प्रदेश पदाधिकारी गण, जिला पदाधिकारीगण, विधानसभा प्रभारी गण, ब्लॉक अध्यक्ष गण, महिला, सेवादल, युवक, एनएसयूआई, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष गण एवं समस्त कांग्रेसी जनों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सम्लित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



## भाजपा मंडल की एसआईआर की निम्मित बैठक

मेहगांव। भारतीय जनता पार्टी मेहगांव मंडल की स्ढ्क्रके सम्बन्ध में कामकाजी बैठक कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला जी के बंगले पर आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी उपेन्द्र राजौरिया अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोहित करैया अरविंद भदौरिया महामंत्री, आलोक शुक्ला , कालीचरण शाक्य, रामप्रकाश पवैया एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी, बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष से सम्वन्धित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उपेंद्र राजौरिया ने बताया अभियान में सभी मतदाताओं की मैपिंग हो बीएलए टू इस अभियान में सहयोग करे।

# वेतन भुगतान संकट गहराया, कर्मचारियों में बढ़ा रोष

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 04 दिसम्बर।** जिले में अर्द्धकुशल कर्मचारियों का वेतन समय पर जारी न होने से नाराजगी और असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि जिला कोषालय स्तर पर व्याप्त अव्यवस्था और लापरवाही के चलते वेतन भुगतान प्रक्रिया महीनों तक लंबित रहती है। इस कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई कर्मचारी समय पर बैंक किश्तें, बिजली बिल, बीमा प्रीमियम और अन्य आवश्यक खर्चों का भुगतान न कर पाने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

कर्मचारियों ने जिला कोषालय अधिकारी अर्चना त्रिपाठी की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। आरोप है कि उनके पदस्थ होने के बाद से वेतन अटकने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। कर्मचारियों का दावा है कि अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचतीं, जिससे संबंधित कार्यों में अनावश्यक विलंब होता है। यहां तक कि कई बार जरूरी फाइलें बिना हस्ताक्षर और अनुमोदन के लंबित पड़ी रहती हैं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बताया कि कोषालय द्वारा भुगतान से पूर्व बिलों में छोटी-मोटी तकनीकी आपत्तियां लगाई जाती हैं, जिससे बिल वापस लौटते रहते हैं और भुगतान में देरी होती रहती है। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकतर आपत्तियां औपचारिक होती हैं, जिन्हें केवल धनराशि रोकने के उद्देश्य से दर्शाया जाता है। कई कर्मचारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया पारदर्शिता की बजाय मनमानी और भ्रष्टाचार का रूप ले चुकी है।

सबसे गंभीर स्थिति कर्मचारियों की है, जिनकी आजीविका नियमित भुगतान पर निर्भर होती है। समय पर वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों में आर्थिक संकट, घरेलू खर्चों में कटौती और कर्ज बढ़ने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। लोगों ने बताया कि बैंक देनदारियों पर विलंब शुल्क लगना आम हो गया है और कई लोगों को अतिरिक्त पेनल्टी भुगतान करनी पड़ रही है। कर्मचारी संगठनों ने उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते कोषालय की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। संघ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति न केवल कर्मचारियों की मेहनत के साथ अन्याय है, बल्कि प्रशासनिक कार्यो और विकास योजनाओं को भी प्रभावित कर रही है। अब जिलेभर के कर्मचारियों की नजर उच्च अधिकारियों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। अपेक्षा है कि संबंधित अधिकारी की भूमिका की समीक्षा कर कोषालय संचालन में पारदर्शिता और समयबद्धता स्थापित की जाएगी, जिससे कर्मचारियों को राहत मिल सके।

> अर्द्धकुशल कर्मचारियों की उपस्थिति के अनुसार बिल लगते है।जिनका बिल डीडीओ लगाते है। डीडीओ के बिल लगाने के बाद 3 से 4 दिन में हम पेमेंट कर देते है।
>
> **अर्चना त्रिपाठी, जिला कोषालय अधिकारी, भिंड**

# घर से कांग्रेस की संगठन चला रहे जीतू : पटेल

## सारंग और लखन पटेल ने सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 3 दिसंबर.** लगातार तीसरे दिन भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतें और समस्याएं सुनने के लिये मंत्री पहुंचें. बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग और लखन पटेल पहुंचें. इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया, ऐसे मामले जिसका तत्काल समाधान नहीं हो सका, उसे संबंधित विभागों को भेजा गया. दोनों ही मंत्री दोपहर एक से तीन बजे तक रहे. कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश के डिफाल्टर किसानों को राहत देने के लिए जल्द ही वन-टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी. डिफाल्टर सूची से किसानों को निकालकर रेगुलर श्रेणी में शामिल किया जाएगा, ताकि वे फिर से ऋण प्राप्त कर सकें.

> पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए गबन और घोटालों का असर किसानों पर न पड़े, इसके लिए सहकारिता विभाग में नई पारदर्शी व्यवस्था लाई जा रही है. कांग्रेस नेता अनावश्यक मुद्दे उठाकर सिर्फ मीडिया में स्थान पाने की कोशिश करते हैं. कांग्रेस से किसी भी प्रकार के सम्मान या सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा नहीं की जा सकती. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देती आ रही है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है.

# लोडिंग वाहनों में सवारियां, यात्रियों को खतरा

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 04 दिसम्बर।** सवारी वाहनों में खतरनाक तरीके से यात्रियों को सफर करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोडिंग और यात्री वाहन सभी में क्षमता से ज्यादा यात्री व सामान भरा हुआ देखा जा रहा है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि ओवर लोडिंग वाहन सिर्फ शहर में ही चल रहे हैं, बल्कि इनका संचालन ग्रामीण क्षेत्र में भी किया जा रहा है। यात्रियों से ओवर लोड वाहन नेशनल हाईवे 92 पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर मे कई बार सवारियों से भरे ओवरलोड वाहन पलट चुके हैं। प्रशासन के अधिकारी इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रहे वाहन संचालकों पास परमिट नहीं है। कई ऐसी जीप और कंडम बसें सड़कों पर क्षमता से ज्यादा सवारियां बैठाकर चल रही है। जिनमें न तो हेड लाइट चालू होती और न ही वाहन की फिटनेस होती है। मजबूरी में आम लोग भी ऐसे वाहनों में सफर कर रहे हैं। स्थानीय निवासी राकेश शर्मा, पिंकू शर्मा, विवेक शर्मा, राम प्रकाश गुर्जर आदि का कहना है कि नियमानुसार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं देते। ग्रामीण क्षेत्र में जितने भी वाहन संचालित हैं उनमें ग्रामीणों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल होते हैं। जो आसपास के गांव से हाई व हायर सेकंडरी सहित निजी स्कूलों में पढ़ने आते हैं।